**The Minister of Food and Agriculture (Shri A. P. Jain):** A statement showing the total quantity of sulphate of ammonia allotted to various States for the first three quarters (January to September), 1955 is placed on the Table of the House. [*See* Appendix I, annexure No. 28].

### तार के खम्भे

**१५. श्री रघुनाथ सिंह :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि कोडीकेनाल हिल स्टेशन में मई १९५५ के तीसरे सप्ताह में भयंकर तूफान के कारण तार के खम्भे आदि उखड़ जाने से सरकार को कितनी हानि उठानी पड़ी ?

**संचार उपमंत्री (श्री राज बहादुर) :** लाइनें फिर से चालू करने में लगभग २३५० पये खर्च हुये ।

### Electrification

**16. Shri K. P. Sinha:** Will the Minister of **Railways** be pleased to state:

(a) whether there is any proposal to electrify the Patna-Gaya Section of the Eastern Railway; and

(b) if so, the total cost involved in the scheme?

**The Deputy Minister of Railways and Transport (Shri Alagesan):** (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

### चीनी मिल

**१७. श्री अनिरुद्ध सिंह :** क्या **खाद्य और कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) ३० जून, १९५५ तक चालू वर्ष में देश में कितनी चीनी मिलें खोलने तथा पुरानी चीनी मिलों को गन्ना पेरने की शक्ति बढ़ाने की अनुज्ञा दी गई; और

(ख) बिहार राज्य की कितनी चीनी मिलों को गन्ना पेरने की शक्ति बढ़ाने की अनुज्ञा दी गई ?



**खाद्य और कृषि मंत्री (श्री ए० पी० जैन) :** (क) क्रमानुसार दस तथा छ:

(ख) दो ।

### Chittaranjan Locomotive Works

**18. Shri Barman:** Will the Minister of **Railways** be pleased to state:

(a) the names of the various parts of a locomotive now being manufactured in the Chittaranjan Locomotive Works; and

(b) the names of those that are still being imported?

**Deputy Minister of Railways and Transport (Shri Alagesan):** (a) The total number of components of a 'WG' class locomotive under construction at Chittaranjan Locomotive Works is 5335, out of which 4476 are manufactured at Chittaranjan Locomotive Works, 769 (Mostly small items) are obtained indigenously, and the balance of 90 items are at present imported. A list showing the names of all components manufactured at Chittaranjan Locomotive Works will be rather voluminious and being of a technical nature may not be of general interest. The result to be obtained by the compilation of such a list may not be commensurate with the labour involved.

(b) A statement giving the description of the imported items is attached. [*See* Appendix I, annexure No. 29].

### Quinine

**19. Shri Eswara Reddi :** Will the Minister of **Health** be pleased to state:

(a) the estimated annual production of the Quinine Factory at Anamalai, Madras State; and

(b) the estimated annual production of quinine in the country as a whole at present ?

**The Minister of Health (Rajkumari Amrit Kaur) :** (a) 60,000 lbs. of quinine sulphate and 30,000 lbs. of Cinchona febrifuge.

(b) 1,40,000 lbs.

### Employment Exchanges

**20. Shri D. C. Sharma :** Will the Minister of **Labour** be pleased to state :

(a) the number of matriculates and under-graduates who were registergd in the Employment Exchanges from the 1st February to the end of June 1955; and

(b) the number of vacancies notified to the employment Exchanges during the above period, category-wise ?

**The Minister of Labour (Shri Khandubhai Desai)** : (a) Separate statistics in regard to matriculates, under-graduates and graduates are being collected at quarterly intervals. The information asked for is, therefore, available for the period January-June, 1955, and is as under :—

| | *Number registered* |
|---|---|
| Matriculates . . . | 83,102 |
| Under-graduates . . | 14,550 |

(b) The Number of vacancies notified by broad occupational categories is given below:

| *Category :* | *No. of vacancies notified to the Exchanges during the period January-June, 1955* |
|---|---|
| 1. Industrial supervisory . | 4,169 |
| 2. Skilled and semi-skilled . | 19,962 |
| 3. Clerical . . . . . | 22,148 |
| 4. Educational . . | 11,625 |
| 5. Domestic Service . | 11,574 |
| 6. Unskilled . . . | 56,746 |
| 7. Others . . . . | 12,546 |
| | 1,38,770 |

## टेलीफोन तथा तारघर

२१. **डा० सत्यवादी** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बूड़िया (जिला अम्बाला) पंजाब में टेलीफोन एक्सचेंज और तारघर खोलने का निश्चय किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इस दिशा में अब तक क्या प्रगति हुई है; और

(ग) जगाधरी तहसील के लिये चालू वर्ष में कितने डाकखाने, तार घर तथा टेलीफोन एक्सचेंज खोलने का विचार है, और किन किन स्थानों पर ?

**संचार उपमंत्री (श्री राज बहादुर)** : (क) और (ख). बूड़िया में एक तारघर व एक टेलीफ़ोन पब्लिक काल आफ़िस ३ जून, १९५५ को खोले गये । उस जगह टेलीफ़ोन एक्सचेंज खोलने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

(ग) डाकघर ३१ [देखिये परिशिष्ट १, अनुबन्ध संख्या ३०]

तारघर १ (शहसादपुर)

टेलीफ़ोन पब्लिक काल आफ़िस १ (शहसादपुर)

टेलीफ़ोन एक्सचेंज कोई नहीं ।

## काम दिलाऊ दफ्तर

२२. **डा० सत्यवादी** : क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पंजाब, पैप्सू तथा हिमाचल प्रदेश के काम दिलाऊ दफ्तरों में ३१ मार्च, १९५५ को अनुसूचित जातियों के कितने ग्रेजुएट, मैट्रिक, नान-मैट्रिक, प्रवीण और अप्रवीण उम्मेदवारों के नाम दर्ज थे; और

(ख) १९५४–५५ में इन केन्द्रों द्वारा उक्त हर श्रेणी के कितने उम्मेदवारों को नौकरियां दिलाई गई ?

**श्रम मंत्री (श्री खन्डू भाई देसाई)** : (क) और (ख) विवरण सभा के सामने रखा जाता है । [देखिये परिशिष्ट १, अनुबन्ध संख्या ३१] ।

## रेलों में अपराध

२३. **श्री बाल्मीकी** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि उच्च श्रेणियों (प्रथम और द्वितीय श्रेणियों) में पूर्वोत्तर रेलवे पर ३० जून, १९५५ को समाप्त होने वाले पिछले एक वर्ष में कितनी चोरी, लूट, कतल और डकैती की घटनाएं हुई हैं ?

**रेलवे तथा परिवाहन उपमंत्री (श्री अलगेशन)** : चोरियां ६, कतल १, लूटमार और डकैतियां कोई नहीं ।